सोमवार
09 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





हर थानों में तैयार हो टॉप फाइव अपराधियों की सूची, वांछितों को करें गिरफ्तारः एसपी 2



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# अगले तीन चार दिनों तक प्रदेश में जारी रहेगी शीतलहर

- बिहार में दिन के तापमान में पांच डिग्री तक गिरावट होने का अनुमान
- 24 घंटे के तापमान के कारण 30 जिलों में घोषित किया गया कोल्ड डे



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में ठंड के प्रकोप से लोग बेहाल हैं। जीवन अस्त व्यस्त है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे। कोहरे के कारण दृश्यता कम है. लगभग सभी हिस्सों में शीतलहर जैसे हालात बने हैं। बीते 24 घंटे के तापमान के कारण 30 जिलों में कोल्ड डे घोषित किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले तीन से चार दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने के अनुमान हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्से में आठ से 13 किमी की रफ्तार से बफीर्ली हवाएं चल रही है। ठंड हवाओं के प्रभाव से बिहार में दिन के तापमान में पांच डिग्री तक गिरावट होने का अनुमान है।

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राजधानी पटना में बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 15 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया है। इधर, बिहार में कुल 10 जिलों में सीवियर कोल्ड डे की स्थिति रही है। इन जिलों में पटना, मुजफ्फरपुर, सुपौल, शेखपुरा, दरभंगा सहित 10 जिले शामिल हैं। मौसम विभाग की मानें तो बफीर्ली हवा के कारण ठंड बढ़ती जा रही है। पूरे बिहार में अधिक दबाव बना हुआ है. हर हिस्से में शीतलहर के हालात बने हैं। आगामी कुछ दिनों तक स्थिति ऐसी ही रहने वाली है। हालांकि पटना समेत कई जिलों में बीते 24 घंटे में धूप निकली है जिससे लोगों को थोड़ी बहुत राहत भी मिली है।

जम्मू-काश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी हो रही है। इस दौरान चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम और पूर्व उत्तर प्रदेश से होते हुए बिहार तक मौसम पूरी तरह से शुष्क है। यही कारण है कि पहाड़ों में होने वाली बर्फबारी की हवाएं दिल्ली होकर तेजी से बिहार की ओर भी आ रही। तभी तापमान में इतनी गिरावट है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्से में आठ से 13 किमी की रफ्तार से बफीर्ली हवाएं चल रही हैं। बिहार में आने वाले दिनों में चार से पांच डिग्री तक के तापमान में गिरावट दर्ज किया जा सकता है। आईएमडी और आपदा विभाग में अलर्ट जारी है। लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है।

# बिहार में 40 सीटों पर महागठबंधन की जीत तय, बीजेपी के तोते काम नहीं आएंगेः ललन

**केटी न्यूज/पटना**

- जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा के खिलाफ निकाली अपनी भड़ास



बिहार में महागठबंधन के नेता इन दिनों बीजेपी पर खूब हमला बोल रहे हैं। मुंगेर में शनिवार को पहुंचे जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स को लेकर केंद्र की बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने इन तीनों को बीजेपी सरकार का पालतू तोता बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के विरोध में कोई भी बोला तो इनके तीनों तोता को छोड़ दिया जाता है। इससे हमलोग डरने वाले नहीं हैं। आगे उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन को लोकसभा चुनाव में 40 में 40 सीटें आएगी। ललन सिंह ने कहा कि पहले हमलोग एनडीए में थे, लेकिन महाठबंधन में जैसे ही तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार एक हुए। इसके बाद बीजेपी के इन तीनों तोता को भेज दिया गया। सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स का छापा पड़ना शुरू हो गया। लालू यादव का पुराना केस जो पहले बंद कर दिया गया था, उसकी रिपोर्ट भी कोर्ट में जमा कर दी गई थी। इस मामले में दोबारा जांच शुरू कर दी गई। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार चाहे जितना भी सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर लें। इससे हमलोग डरने वाले नहीं हैं।

बता दें कि ललन सिंह इन दिनों केंद्र की राजनीति को लेकर काफी एक्टिव हैं। इससे पहले भी केंद्र सरकार पर हमला बोलते रहे हैं। कुछ दिन पहले यूपी में नगर निकाय चुनाव के मुद्दे पर बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला था। इसको लेकर बिहार में भी बीजेपी नेताओं को आड़े हाथों लिया था। इस मुद्दे पर बयानबाजी तेज हो गई थी। ललन सिंह के आरोप पर बीजेपी से राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने ललन सिंह को नसीहत देते हुए कहा था कि आप यूपी की चिंता छोड़ दीजिए। नरेंद्र मोदी के रहते आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता है।

## सीएम ने समाधान यात्रा के दौरान सिवान में विकास योजनाओं का लिया जायजा

# सरकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिलना चाहिएः मुख्यमंत्री

- सीएम नीतीश कुमार ने समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 'समाधान यात्रा' के क्रम में सिवान जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री पंचरूखी प्रखंड के सुपौली गांव पहुंचे और वहां लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जीविका द्वारा संपोषित भैंस पालन, श्रृंगार की दुकान, जेनरल स्टोर का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया और उनके लाभुकों से बातचीत की। महादलित टोले में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की लगाई गई सूची को मुख्यमंत्री ने देखा और उसके संबंध में जिलाधिकारी से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिलना चाहिए। कोई भी इससे वंचित न रहे, इसपर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने वहां जीविका दीदियों से मुलाकात की और स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये गए विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री महाराजगंज प्रखंड की हजपुरवा पंचायत के सोनवर्षा गांव पहुंचे और वहां बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत तालीम-ए-नौबालिगान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सोनवर्षा के मदरसा इस्लामिया अरबिया नईमिया का भी जायजा लिया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने वहां की शिक्षा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से जानकारी ली। तालीम-ए-नौबालिगान कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे मॉड्यूल के विषयों के संबंध में मुख्यमंत्री को वहां के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी।

महाराजगंज प्रखंड की हजपुरवा पंचायत के सोनवर्षा के वार्ड नंबर 4 पहुंचकर वहां मौजूद ग्रामीणों से मिलकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के संबंध में जिलाधिकारी को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु स्थापित संयंत्र का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना द्वारा संपोषित दुकानों का भी जायजा लिया और जीविका दीदियों से मुलाकात की। उन्होंने बिहार महादलित विकास मिशन से जुड़े लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें समाज सुधार अभियान तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान चलाते रहने एवं लोगों को जागरूक करते रहने को कहा।

## मदरसा की स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने किया काम

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान हम विभिन्न जगहों पर जाकर देख रहे हैं कि राज्य सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी प्रगति धरातल पर क्या है? सरकार द्वारा और क्या करना जरुरी है, उसे भी देखना है। पहले के दिनों में मदरसे के शिक्षकों को समय पर तनख्वाह नहीं मिलती थी। जिसके बाद मदरसा की स्थिति सुधारने और उसे आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार ने काफी काम किया है। आज मदरसे में भी हमने जाकर देखा है। जो देखकर काफी संतोष मिला। यहां बेहतर ढंग से पढ़ाई हो रही है। साथ ही, शिक्षकों को समय पर वेतन भी मिलने लगा है। अब मदरसों में साइंस की भी पढ़ाई हो रही है। ये लोग मदरसा का विस्तार करना चाहते हैं, हमलोग यह काम भी करवा देंगे। हमने मदरसे में पढ़ाई और हॉस्टल की सुविधा को लेकर को लेकर जरूरी निर्देश दिये हैं। डिग्री कॉलेज के लिए भी हमने कह दिया है कि इसे भी किया जायेगा।

# समाधान नहीं टाइम पास यात्रा कर रहें सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

- भाजपा ने जातिगत गणना के उपजाति के मुद्दे पर सीएम नीतीश को घेरा



जातिगत गणना को लेकर बिहार की राजनीति में खूब बयानबाजी हो रही है। इसको लेकर भाजपा नीतीश सरकार पर कई सवाल भी उठा रही है। वहीं, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने आज कहा है कि उपजाति की जनगणना नहीं होगी। नीतीश कुमार को सामने आकर बताना चाहिए कि उपजाति की जनगणना क्यों नहीं होगी? संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार अपने स्वार्थ के कारण उपजाति की जनगणना नहीं करवा रहे हैं। नीतीश कुमार से अनुरोध है कि वो झूठ बोलना बंद करें। वह बताएं कि उपजाति का अर्थ क्या है? वहीं, आगे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की याददाश्त जरूरत से ज्यादा कमजोर हो गई है। जब नीतीश कुमार डेलिगेशन लेकर प्रधानमंत्री से मिलने गए थे, तो उनके साथ विधायक जनक चमार भी गए थे। आगे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार अगर नाटक कर रहे हैं तो वह बहुत ही शर्मनाक बात है। बीजेपी सबसे ज्यादा जातीय जनगणना का समर्थन कर रही है। नीतीश कुमार सही में जनगणना करवाकर बिहार वासियों को लाभ देना चाहते हैं? जातिगत जनगणना को लेकर नीतीश कुमार नाटक कर रहे हैं, जिससे बिहार की जनता को कोई फायदा नहीं होगा। हरियाणा के परिवार पहचान पत्र और अंत्योदय सरल मॉडल बिहार में भी लागू होना चाहिए। वहीं, नीतीश कुमार की समाधान यात्रा को उन्होंने समय पास यात्रा बताया।

## पूर्व गवर्नर केशरी नाथ का निधन

**प्रयागराज।** यूपी विधानसभा के पूर्व स्पीकर और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन हो गया। वह पिछले काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। केशरीनाथ त्रिपाठी का रविवार सुबह 5:00 बजे प्रयागराज स्थित आवास पर निधन हुआ। उनके बेटे नीरज त्रिपाठी ने इस आशय की पुष्टि की। केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया- 'वरिष्ठ राजनेता, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, प. बंगाल के पूर्व राज्यपाल आदरणीय केशरी नाथ त्रिपाठी जी का निधन अत्यंत दु:खद है, प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति दें। ॐ शांति!'

## सपा के ट्विटर हैंडल संचालक मनीष गिरफ्तार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का ट्विटर हैंडल चलाने वाले मनीष जगन अग्रवाल को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आरोप थे कि पिछले कई दिनों से वो सपा के ट्विटर हैंडल से लोगों पर अभद्र टिप्पणियां कर रहे थे। इस बाबत लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में मनीष के खिलाफ 3 मुकदमें भी दर्ज थे। मनीष को सुबह पुलिस ने हजरतगंज इलाके से ही गिरफ्तार किया है। दरअसल, समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से बीजेपी से जुड़े अपने कुछ विरोधियों को लेकर कई आपत्तिजनक ट्वीट किए गए। ट्विटर समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के वेरिफाइड हैंडल से यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी, प्रवक्ता आलोक अवस्थी, प्रवक्ता मनीष शुक्ला समेत कई नेताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है।






## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने की जोशीमठ की स्थिति की उच्च स्तरीय समीक्षा

# एनडीएमए की टीम जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव का लेगी जायजा

- जिला प्रशासन व अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लिया

**एजेंसी/नई दिल्ली**



उत्तराखंड के जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। भू-धंसाव ने क्षेत्र के सभी वार्डों को चपेट में ले लिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीएमओ लगातार मामले की निगरानी कर रहा है। इस क्रम में रविवार को उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने और कई स्थानों पर घरों में दरारें पड़ने की घटनाओं के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने उच्चस्तरीय बैठक की। जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रिंसिपल सेक्रेटरी की जोशीमठ मामले पर हुई बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें तय किया गया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य सोमवार को जोशीमठ का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने जोशीमठ की स्थिति की उच्च स्तरीय समीक्षा की है। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार की एजेंसियां और विशेषज्ञ लघु, मध्यम और दीर्घकालिक योजना तैयार करने में राज्य सरकार की सहायता कर रहे हैं। एनडीआरएफ की एक टीम और एसडीआरएफ की चार टीमें पहले ही जोशीमठ पहुंच चुकी हैं। साथ ही प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

सचिव सीमा प्रबंधन और एनडीएमए के सदस्य कल उत्तराखंड का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे। उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने जोशीमठ से पीएमओ को जानकारी दी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी रुड़की, वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी और सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों की टीम को अध्ययन करने और सिफारिशें देने के लिए कहा गया है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा कैबिनेट सचिव, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों के साथ ये समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में जोशीमठ जिला प्रशासन और उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लिया। इससे पहले रविवार को दिन में पीएम मोदी ने इस संकट को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की थी और उन्हें केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया था।

## खबरें फटाफट

### हेराइन के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस ने आठ हेरोईन के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वह धोबीघटवा निवासी विनोद नट का पुत्र चंदन कुमार नट है। उसे शनिवार की रात धोबीघटवा अंबेडकर कॉलोनी के पीछे से गिरफ्तार किया गया है। हालांकि उसके दो भाग निकले। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि अंबेडकर कॉलोनी के पीछे हेरोइन की बिक्री की जा रही है। उस आधार पर मजिस्ट्रेट के साथ दारोगा चंदन के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उसके दो साथी भागने में सफल रहे।

### महिला की मौत मामले में आदिवासियों ने कार्यालय पर किया हमला

**सासाराम।** जिले के कैमूर पहाड़ी के जंगल में आदिवासी महिला की संदिग्ध मौत, और उसके बाद वन विभाग के कार्यालय पर हमले का मामला गरमा गया है। अब वन विभाग ने भी मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएफओ मनीष कुमार ने रविवार को बताया कि 6 जनवरी 2022 को रोहतास वन क्षेत्र में एक आदिवासी महिला का शव मिला था। शव मिलने के बाद ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के कार्यालय पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई थी। मामले में वन विभाग के दो कर्मी गिरफ्तार किए गए है। अब मामले की जांच के लिए वन विभाग द्वारा चार सदस्यीय टीम का गठन एसीएफ पंकज कुमार के नेतृत्व में किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने बताया कि मामले में घायल रेंजर अभिनंदन मिश्रा द्वारा भी प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि वन विभाग के कार्यालय पर तोड़फोड़ एवं आगजनी के क्रम में रेंजर पर भी हमला किया गया था, जिसमें रेंजर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अब रेंजर खतरे से बाहर है और उनके बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज होगी।

# निक्षय मित्र बने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी ने किया फुट बास्केट का वितरण

केटी न्यूज/गया

- बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 टीबी मरीजों को दिया गया खाद्य सामग्री
- जिला यक्ष्मा विभाग के सहयोग से टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आ रहे लोग



जिला में टीबी रोगियों की देखभाल के लिए लोग आगे बढ़ रहे हैं। सामने आ रहे हैं। जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा निक्षय मित्र बनने की अपील के बाद आर्थिक रूप से कमजोर टीबी मरीजों की मदद हो रही है। निक्षय मित्रों द्वारा समय समय पर ऐसे टीबी मरीजों के बेहतर पोषण के लिए उनके बीच फुट बास्केट का वितरण किया जा रहा है। फुट बास्केट में आवश्यक कच्चा खाद्य सामग्री मौजूद होते हैं। इससे जिला में कमजोर वर्ग के टीबी मरीजों को काफी राहत मिली है।

इस क्रम में बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के 25 टीबी रोगियों के बीच ?फुड बास्केट का वितरण किया गया। जिला यक्ष्मा विभाग के सहयोग से इस फुट बास्केट का वितरण भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ संजय कुमार द्वारा किया गया। डॉ संजय कुमार निक्षय मित्र भी हैं। निक्षय मित्र बनने के बाद टीबी मरीजों के लिए बेहतर पोषण की व्यवस्था करने की उनकी इस पहल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा काफी सराहा गया है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला संचारी रोग अधिकारी डॉ पंकज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, बीएचएम दिलीप कुमार, लैब टेक्निशियन जावेद अख्तर, बोधगया सीनियर टेक्निकल सुपरवाइजर पूजा कुमारी, डीपीसी सीमा तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

**भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं डॉ संजय :** डॉ संजय कुमार भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने बताया केबिनेट सेक्रेटरी द्वारा भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को टीबी रोगियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित किया गया है। वर्ष 2025 तक भारत को टीबी से पूर्ण रूप से समाप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक हजार रुपये तक की राशि के फुड बास्केट में टीबी मरीजों के लिए आटा, मसूर दाल, खाद्य तेल, चना, बादाम, अंडा, सोयाबीन, हार्लिक्स आदि शामिल किया गया है। इन टीबी मरीजों को यह फुट बास्केट अगले छह माह तक दिये जायेंगे।

### डॉ संजय का निक्षय मित्र बनना सराहनीय पहल

डॉ पंकज कुमार ने बताया, डॉ संजय कुमार का निक्षय मित्र बनना सराहनीय पहल है। उनके द्वारा टीबी मरीजों के बेहतर पोषण की व्यवस्था कर इसका वितरण किया गया है। आर्थिक रूप से समृद्ध लोग निक्षय मित्र बन गरीबी टीबी मरीजों के मदद कर सकते हैं। सभी टीबी मरीजों जो इलाजरत हैं उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित 500 रुपये प्रत्येक माह निक्ष्य पोषण योजना के तहत सीधे मरीजो के बैंक एकाउंट में भी इलाज के अंत तक मिल रहे हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि अन्य लोग इस प्रकार की मदद करने के लिए प्रखंड या जिला में स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं। निक्षय मित्र बन ऐसे सेवा करना सराहनीय है।

## क्राइम मीटिंग में भोजपुर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को दिया टास्क

# हर थानों में तैयार हो टॉप फाइव अपराधियों की सूची, वांछितों को करें गिरफ्तार: एसपी

- अपराधियों को पकड़ने व उन पर नकेल कसने के लिए तंत्र को मजबूत करने का फरमान
- सीमावर्ती थानों और ओपी को विशेष चौकसी का निर्देश, हर रोज होगी समीक्षा



केटी न्यूज/आरा

जिले में फरार चल रहे अपराधियों का अब पुलिस से बचना मुश्किल होगा। वहीं थानेदारों को भी हर हाल में अपराधियों को गिरफ्तार करना होगा। अपनी पहली क्राइम मीटिंग में एसपी प्रमोद कुमार की ओर से थानेदारों को इसका साफ मैसेज दिया है। उन्होंने कहा कि हर थानों को टॉप फाइव अपराधियों की सूची तैयार करनी होगी। उन अपराधियों की गिरफ्तारी भी करनी होगी। इसे लेकर सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। सभी थानों को हर केस के वांछितों की सूची तैयार कर गिरफ्तार करना है।उसकी? हर रोज समीक्षा की जायेगी। उस मामले में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एसपी ने बताया कि थानाध्यक्षों को दागियों के खिलाफ गुंडा ओर सीसीए का प्रस्ताव देने का निर्देश भी दिया गया है।

पुलिस ऑफिस सभागार में रविवार को आयोजित मीटिंग में एसपी की ओर साफ तौर पर अपराधी, अवैध खनन और शराब के धंधेबाजों के? खिलाफ सख्ती बरतने का निर्देश दिया। कहा कि हर हाल में अपराध और गलत धंधे को रोकना होगा। इसके लिए थानाध्यक्षों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का भी टास्क दिया। जिले की सीमावर्ती थानों और ओपी थानाध्यक्षों को विशेष रूप से चौकस रहने का निर्देश दिया गया। कहा कि सीमाई इलाकों से अपराधियो और धंधेबाजों का आना-जाना होता है। ऐसे में सीमा पर चेक पोस्ट को सुदृढ़ करते हुए सघन जांच करें। इससे बाहरी इलाकों से जिले में गलत तत्वों को आने से और किसी वारदात के बाद अपराधियों को दूसरे जिलों में भागने से रोका जा सके। एसपी ने कहा कि पुलिस को अपनी उपस्थिति मजबूत करनी होगी, ताकि अपराधी व शरारती तत्व कोई गलत काम नहीं कर सकें। इसके लिए एसपी द्वारा नियमित गश्ती और वाहन चेकिंग करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई आपराधिक वारदात होती है, तो उसका शीघ्र भंडाफोड़ करें और उसमें शामिल सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार करें। इसे लेकर एसपी की ओर से थानाध्यक्ष से एसडीपीओ तक की जिम्मेदारी भी तय की है। एसपी द्वारा सीएम की संभावित यात्रा को लेकर भी तैयारी पर चर्चा की गयी और अफसरों को निर्देश दिया गया।

### जिले के थानों में पड़े पेंडिंग मामलों के निपटाने का एसपी ने दिया गुरु मंत्र

अपनी पहली क्राइम मीटिंग में एसपी की ओर से अफसरों को स्मार्ट व बेहतर पुलिसिंग का गुर सिखाया गया। उन्होंने अफसरों को पेंडेंसी से बाहर निकलने और अपडेट रहने का मंत्र दिया। करीब आठ घंटें चली बैठक में एसपी की ओर से अपराध, गिरफ्तारी, केस डिस्पोजल और कुर्की व वारंट सहित अन्य मामलों की समीक्षा की। कांडों के पेंडिंग रहने का कारणों को जाना और सुपरवाइजिंग अफसरों को भी समय पर जांच करने का निर्देश दिया। इसे लेकर आईओ से एसडीपीओ तक को केस डिस्पोजल का टास्क भी दिया। इसके अलावा बैंक डकैती सहित गंभीर कांडों का रिव्यू किया। एसपी द्वारा थाना डायरी से लेकर केस डायरी और गुंडा पंजी सहित हर फाइल अपडेट रखने का निर्देश दिया। गश्ती, ओडी और संतरी ड्यूटी को सुदृढ़ करने का आदेश दिया।

### जिले के सभी थाना क्षेत्र में एक्सीडेंटल जोन को चिन्हित करने का दिया निर्देश

एसपी प्रमोद कुमार सड़क सुरक्षा को लेकर भी काफी गंभीर दिखे। उन्होंने कहा कि हादसों को रोकने के उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए थानाध्यक्षों को एक्सीडेंटल जोन को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। हादसे को रोकने के लिए चिन्हित स्पॉट पर साइनेज लगाने का भी कहा गया है। इसके अलावे जिला प्रशासन के साथ मिल कर तीखे मोड़ और हाईवे से अप्रोच रोड को जोड़ने वाले जगह पर बोर्ड आदि लगाने पर विचार किया जायेगा। ताकि लोगों को मोड़ आदि के बारे में दूर से पता चल सके। उन्होंने आम लोगों खासकर नये बाइकर्स से सावधानी के साथ ड्राइव करने की अपील की। मीटिंग में एएसपी हिमांशु, एसडीपीओ राहुल सिंह, राजीव चंद्र सिंह और मुख्यालय डीएसपी विनोद सिंह सहित सभी इंस्पेक्टर व थानेदार उपस्थित थे।

## एक नजर

### नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जहानाबाद के दो खिलाड़ियों ने जीते मेडल



**जहानाबाद।** जूनियर नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2022-23 में बिहार के प्रतिनिधित्व करते हुए जहानाबाद के भोला सिंह ने कुल 297 किग्रा वजन उठा कांस्य पदक जीता। साथ ही स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड 138 किग्रा उठाकर अपने नाम किए। बिहार टीम को लेकर गए कोच गिरिजेश कुमार उर्फ मनीष कुमार ने बताए कि भोला के कांस्य पदक के साथ तीन और मेडल बिहार को प्राप्त हुआ। कुल 4 मेडल लगे दो गोल्ड और दो कांस्य तीन प्रतिभागी मेडल के करीब से चूक गए। बिहार के इतिहास में पहली बार भारोतोलन में बिहार को इतना मेडल लगा। भोला सिंह ने इस प्रतियोगिता में दो और रिकॉर्ड बनाएं, लेकिन कुछ समय बाद उनका रिकॉर्ड टूट गया। केवल स्नैक का रिकॉर्ड बना रहा। कोच मनीष ने बताया कि हमने पहली बार बिहार टीम को लेकर नेशनल में जाने का मौका रहा और हमारे खिलाड़ियों बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा। पूरे प्रतियोगिता में बिहार भारोतोलन के अध्यक्ष अरुण कुमार केसरी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते रहें। बिहार राज के मंत्री कला संस्कृति एवं युवा विभाग के श्री जितेंद्र कुमार राय, बिहार कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव वंदना प्रेमशि ने ढेरो बधाइयां दिए एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### चित्रांश युवा संभाग के द्वारा विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट परीक्षा का सफल आयोजन



**जहानाबाद।** चित्रांश युवा संभाग के द्वारा विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट परीक्षा का आयोजन रविवार को स्थानीय महिला थाना स्थित प्रगति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें जहानाबाद जिले के तमाम चित्रांश परिवार के छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज किया। बताते चलें कि चित्रांश युवा संभाग के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर विवेकानंद यूथ कांटेस्ट का आयोजन किया गया था। परीक्षा समिति आयुक्त नितीश सिन्हा ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। साथ ही परीक्षा समिति सचिव राकेश रौशन ने बताया कि परीक्षा में शामिल अव्वल विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं कलम देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं परीक्षा सेंटर पर मौजूद ऑब्जर्वर के द्वारा परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं की कड़ी निगरानी की जा रही थी। वही मौके पर पहुंचे बिंदुभूषण सिन्हा, सुबोध अंबर, अंजनी सिन्हा रमेश प्रसाद, मुकेश सिन्हा, चितरंजन सिन्हा, संजीव सिन्हा ने परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों का मुआयना किया, हो रहे परीक्षा का जायजा लिया एवं उनका उत्साह बढ़ाया। बताते चलें कि पिछले कई महीनों से छात्र-छात्राओं में विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट को लेकर काफी रूचि दिखाई जा रही थी उसी को लेकर रविवार सुबह से ही अभिभावकों के साथ चित्रांश छात्र-छात्राएं विवेकानंद यूथ कॉन्टेस्ट परीक्षा में भाग लेने के लिए परीक्षा सेंटर पहुंच रहे थे।

### हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के आरोपित सहित 24 गिरफ्तार, 10 ने किया सरेंडर

**आरा।** भोजपुर में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जारी अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समत विभिन्न कांडों में 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 1577 लीटर अंग्रेजी जबकि 155 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी है।

धंधेबाजों के पास से दो कार और दस हजार रुपए भी बरामद किये गये हैं। अवैध शराब की 15 भट्ठियां ध्वस्त करते हुए 34 सौ लीटर महुआ पास भी नष्ट किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई है। प्रेस बयान के अनुसार संदेश पुलिस ने गोली मार हत्या के प्रयास के आरोपित रितेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गड़हनी थाने की पुलिस ने मारपीट और आर्म्स एक्ट के आरोपित बराप गांव निवासी सेमरी रंजन उर्फ मिकू सिंह को जेल भेज दिया है।

चरपोखरी थाने की पुलिस ने नगरी गांव से 55 लीटर अंग्रेजी शराब के बाद चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। उनमें नगरी गांव निवासी विशुन पांडेय व विपिन कुमार जबकि चरपोखरी निवासी अमृतेश शर्मा और अजीत कुमार शामिल हैं। इनके पास से दस हजार रुपए और एक ऑल्टो कार भी जब्त की गयी है।

### पुलिस के वाहन की टक्कर से मलाई बेचने वाले दो भाई जखमी

केटी न्यूज/आरा

- सामान लेकर आने के दौरान पुलिस के वाहन ने मारी ठोकर
- पुलिस कर्मियों ने घायलों को लाया अस्पताल



जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज स्थित पेट्रोल पंप के समीप आरा-बक्सर हाईवे पर रविवार शाम पुलिस की गाड़ी ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हादसे के बाद पुलिस कर्मियों द्वारा दोनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है।

घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी वर्षीय पुत्र महेंद्र यादव और उसके भाई छोटन यादव शामिल हैं। दोनों भाई आरा की पकड़ी चौक पर ठेले पर राबड़ी, खोवा और मलाई बेचते हैं। छोटन यादव ने बताया कि दोनों अपने गांव से सामान लेकर बाइक से पकड़ी आ रहे थे। उसी दौरान बीबीगंज पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही पुलिस की बोलेरो ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें पुलिस कर्मियों द्वारा दोनों को उसी गाड़ी से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया। उसने बताया कि पुलिस गाड़ी किसी शराब बेचने वाले लोगों का पीछा कर रही थी। पुलिस की गाड़ी काफी तेज जा रही थी। इधर, गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंदन कुमार ने बताया कि क्राइम मीटिंग में सूचना मिली कि बीबीगंज पेट्रोल पंप के समीप पुलिस गश्ती वाहन से बाइक सवार दो लोगों का एक्सीडेंट हो गया है। उसके बाद उसी पुलिस वाहन से दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में लाया गया है। उन्होंने बताया कि गश्ती गाड़ी तेज थी या नहीं। यह जांच के बाद क्लीयर होगा।

### काले हिरण की इलाज के दौरान मौत



सासाराम। जिले के करगहर अंचल में आवारा कुत्तों के हमले से गंभीर रुप से घायल एक काले हिरण की रविवार को दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कैमूर पहाड़ी के जंगल से करगहर के बधार में आये काले हिरण को कुछ कुत्तों ने नोच-नोच कर बुरी तरह से घायल कर दिया था, स्थानीय ग्रामीणों ने घायल काले हिरण की सूचना वन विभाग, थाना एवं पशु चिकित्सक को दी। इसके बाद घायल हिरण को उपचार के लिए करगहर स्थित पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया, जिसके बाद इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। वहीं हिरण के मौत के बाद पहुंचे वन विभाग की टीम ने मृत हीरण के शव को कब्जे में ले लिया, उन्होंने बताया कि काले हिरण का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे दफन कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की शाम करगहर गांव के बधार में इस हिरण को कुत्तों ने काट लिया था, जिसके बाद कुछ लोगों के द्वारा हिरण की इलाज करने की कोशिश की गई थी। लेकिन हिरण वहां से भाग निकला था, आज हिरण को बेसुध अवस्था में करगहर गांव के बधार में पाया गया, जिसके बाद इसकी सूचना स्थानीय बीडीसी प्रतिनिधि रवि कुशवाहा को दी गई, जिसके बाद बीडीसी प्रतिनिधि ने अपने निजी वाहन से हिरण को करगहर स्थित पशु अस्पताल पहुंचाया जहां हिरण का इलाज के क्रम में मौत हो गयी।

## एसएनसीयू वार्ड में उपलब्ध है सभी उपकरण, रेफर किये गए नवजात को भी मिलती है जगह

# एसएनसीयू में हो रहा है नवजात शिशुओं का सफल उपचार

केटी न्यूज/भभुआ




स्वस्थ समाज के निर्माण में कोरोना वायरस महामारी ने कई चुनैतियां पेश की हैं, लेकिन नवजातों की जिंदगी बचाने में स्वास्थ्य महकमे को खासी सफलता मिली है। नवजात बच्चों की बेहतर देखभाल एवं उनके समुचित इलाज के मकसद से सदर अस्पताल परिसर में संचालित एसएनसीयू (सिक न्यू बोर्न केयर) नया जीवन देने में कारगर साबित हो रहा है। नवजात देखभाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसएनसीयू को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है सदर अस्पताल में संचालित एसएनसीयू को सर्वश्रेष्ट नवजात प्रबंधन इकाई के रूप में आँका गया है।

सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी ने बताया 90 प्रतिशत से भी ज्यादा नवजातों का सफल इलाज होता है। एसएनसीयू वार्ड में 0 से 28 दिन तक के बच्चों को भर्ती किया जाता है। एसएनसीयू सेवा का लाभ सिर्फ अस्पताल में जन्म लेनेवाले नवजातों को ही नहीं मिल रहा, अपितु सभी सरकारी व निजी शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा नवजातों को यहां रेफर किया जाता है। एसएनसीयू में 24 घंटे एक चिकित्सक के साथ कई एएनएम तैनात रहती हैं, जो नवजात के एडमिट होने के साथ ही उनकी सेवा में तत्परता से जुट जाते हैं।

**एएनएम द्वारा नवजातों का एक साल में छह बार फॉलोअप :** एसएनसीयू से घर गए नवजात शिशुओं को फॉलोअप के लिए भी बुलाया जाता है। एक साल तक कुल छह बार शिशुओं को फॉलोअप के लिए बुलाया जाता है। फॉलोअप के समय शिशु की जांच की जाती है व उनके माता-पिता को देखभाल की जानकारी दी जाती। साथ ही अस्पताल से छूटते समय नवजात की माताओं को पोषण की जानकारी, साफ सफाई की जरूरतें इत्यादि की भी जानकारी दी जाती है।

- एक साल तक के नवजात शिशुओं का होता है फॉलोअप

### ये आधुनिक उपकरण व सुविधाएं उपलब्ध

- रेडियंट वार्मर
- फोटोथेरेपी-2
- सिरिंज पाइप- 10
- पल्स ऑक्सीजन मीटर-7
- ऑक्सीजन कंसंट्रेटर-7
- सी-लैप मशीन
- फूल एयर कंडिशन वार्ड
- दक्ष चिकित्सक व नर्स

### एसएनसीयू में होते हैं ऐसे नवजात भर्ती

- 1800 ग्राम या इससे कम वजन के नवजात
- गर्भावस्था के 34 सप्ताह से पूर्व जन्में बच्चे
- जन्म के समय गंभीर रोग से पीड़ित नवजात
- जन्म के समय नवजात को गंभीर श्वसन समस्या
- हाइपोथर्मिया
- नवजात में रक्तस्राव का होना
- जन्म से ही नवजात को कोई डिफेक्टस होना

## खबरें फटाफट

### शीतलहर को देखते हुए 11 तक बंद हुए स्कूल

**बक्सर/केसठ।** ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला पदाधिकारी बक्सर के निर्देश के आलोक में जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय कक्षा एक से आठवीं तक 11 जनवरी तक पठन-पाठन कार्य बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। लेकिन पूर्व की तरह विद्यालय अवधि में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित होकर विद्यालय संबंधित अन्य कार्यों का निष्पादन करेंगे। बता दें कि ठंड और शीतलहर का प्रकोप अभी जारी है। जिसे देखते हुए डीएम के निर्देश पर बक्सर डीईओ ने इसका पत्र जारी कर दिया है। शीतलहर के चलते स्कूलों की छुट्टी बढ़ाए जाने से अभिभावकों में खुशी व्याप्त है।

### खाद विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द

**बक्सर।** यूरिया के कालाबाजारी के खिलाफ कृषि विभाग काफी सख्त हो गया है। किसानों की शिकायत के बाद जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर इटाढ़ी प्रखंड के ओराप के लाइसेंसी खाद विक्रेता मेसर्स प्रकाश इंटर प्राइजेज की अनुज्ञप्ति रद्द करने के साथ ही उनपर खाद कालाबाजारी के आरोप में इटाढ़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। इस बताया जाता है कि किसानों ने शिकायत की थी कि उक्त खाद विक्रेता अपने घर से 550 रुपए प्रति बैग के हिसाब से यूरिया की कालाबाजारी कर रहा है। इसके बाद उसके घर छापेमारी की गई। छापेमारी में उसके घर से 102 बैग यूरिया बरामद हुआ। जिसके बाद विभाग द्वारा उसकी अनुज्ञप्ति रद्द करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज होने के बाद उक्त दुकानदार की मुश्किलकें बढ़ गई है।

### दंपति की पिटाई मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव में नाली विवाद को लेकर एक दंपति की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नेनुआ गांव निवासी अनवर अंसारी ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया है कि गांव के रहने वाले पारस यादव, संतोष यादव और जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग मेरे जमीन में जबरन नाली निकाल रहे थे। जब मैंने इसका विरोध किया तो सभी ने मिलकर लाठी-डंडे से मेरे ऊपर हमला कर दिया। यह देख मेरी पत्नी बचाने आयी तो उसकी भी पिटाई कर दी गई। आरोपितों की पिटाई से हम दोनों जख्मी हो गये। जख्मी दंपति का इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

# अब किरायेदारों का देना होगा बायोडाटा, पुलिस ने आधार कार्ड किया अनिवार्य

- किरायेदार के आपराधिक कृत्य में शामिल होने पर मकान मालिक पर भी होगी कार्रवाई
- अपराध रोकने के लिए पुलिस की नई कवायद

केटी न्यूज/डुमरांव




अपराध पर अंकुश लगाने के लिए डुमरांव पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके तहत मकान मालिकों को अपने घर मे रहने वाले किरायेदारों का बायोडाटा पुलिस को देना होगा। मकान मालिक आवेदन के साथ किरायेदारों का आधार कार्ड भी पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। जिसके आधार पर डुमरांव पुलिस इसकी सत्यापन करेगी। किरायेदारों का आधार कार्ड नहीं मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

जानकारी के अनुसार अपराध पर रोकथाम को लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर यह मास्टर प्लान तैयार किया गया है। पुलिस के इस प्लान से असामाजिक तत्वों की पहचान करने में आसानी होगी। पुलिस ने फरार चल रहे कई अपराधियों की जब उसके ठिकाने की जांच-पड़ताल की तो अधिकांश पते फर्जी निकले। ऐसी स्थिति में पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। शहर की पुलिस वैसे मकानों को चिन्हित कर छानबीन करने में जुटी है जिसमें लोग किरायेदार बनकर रहते है। शहर विकसित होते ही नये-नये कॉलोनियों का विस्तार हुआ है। इन कॉलोनियों में ज्यादातर मकान मालिक अपने मकानों को किराये के रूप में चलाते है। जानकारों की मानें तो किरायेदारों में कई ऐसे तत्व भी शामिल हैं, जो लूटपाट व अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल होकर अपने किराये के ठिकाने पर पहुंच जाते है। इसकी जानकारी मकान मालिक को भी नहीं मिल पाती है।

पिछले दिनों पुलिस ने एक संगीन मामले की छानबीन करने स्थानीय एक कॉलोनी में पहुंची तो इसका खुलासा हुआ कि वह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए ही किराये का कमरा ले रखा था। जाहिर है अपराधी यहां किरायेदार के रूप में रहता था। इसी तरह पूर्व में पुलिस ने छापेमारी कर शराब की बड़ी खेप को पकड़ा था, जो तस्कर एक किराये के मकान में कारोबार चला रहे थे। इस तरह की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बन गयी और वैसे कॉलोनियों में रहने वाले किरायेदारों का सत्यापन करना जरूरी हो गया।

अगर पुलिस इस तरह की जानकारी हासिल करती है तो अपराध पर अंकुश की राह आसान हो जायेगी नगर पर्षद क्षेत्र में करीब 18 हजार आवासीय मकान है। एक अनुमान के अनुसार शहर के क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोग किराये पर रहते है. शहर में दर्जनों कार्यालय, स्कूल व बैंक संस्थाएं भी शामिल है। जिनके कार्य को लेकर अधिकारी व कर्मचारी शहर में किराये के मकानों में रहते है। इसके अलावे पठन-पाठन को लेकर छात्र भी बतौर किरायेदार शामिल है जिनका बायोडाटा स्थानीय पुलिस के पास नही है। बगैर बायोडाटा के रहने से पुलिस की मुश्किलें बढ़ जाती है।

> मकान मालिकों को अपने घर मे रखे गये किरायेदार का बायोडाटा स्थानीय प्रशासन को देना होगा, जिसमें आधार कार्ड को अनिवार्य बनाया गया है। अगर किसी मकान से आपराधिक तत्व की गिरफ्तारी होती है तो मकान मालिक पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। – *बिंदेश्वर राम, थानाध्यक्ष, डुमरांव*

### बक्सर एसपी के निर्देश पर गंगा दियारा इलाके में चला विशेष ड्राइव

# पूरी रात सिमरी पुलिस ने चलाया अभियान शराब, गांजा व कट्टा के साथ चार गिरफ्तार

- बलिहार के पास गांजा व शराब की खेप के साथ पकड़े गए तीन तस्कर
- आशा पड़री के पास से अवैध असलहा व गोली के साथ युवक को किया गिरफ्तार


गांजा के साथ गरिफ्तार बाप बेटे

केटी न्यूज/सिमरी

सिमरी पुलिस ने शनिवार की पूरी रात तस्करों व अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया था। भयंकर शीतलहरी में चलाए गए इस अभियान के दौरान जहां पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है वही पुलिस के तेवर से इस ठंड में भी तस्करों तथा अपराधियों के पसीने छूटने लगे है। इस दौरान पुलिस ने 12 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर पिता पुत्र, नौ पेटी में कुल 40 लिटर शराब के साथ कारोबारी तथा देशी कट्टा व चार गोली के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह अभियान थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर के नेतृत्व में चलाया गया था। इस दौरान पूरी रात तस्करों तथा अपराधियों व पुलिस में शह मात का खेल चलते रहा। पुलिस की सक्रियता से अपराधियों के हौसले पस्त हो गए थे।

**बलिहार से बरामद हुआ गांजा :** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बलिहार के मल्लू कमकर गांजा की बड़ी खेप मंगवा उसका अपने घर में स्टॉक किया है। इस सूचना पर पुलिस ने एक टीम गठित कर उसके घर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उसके घर से 12 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजा की खेप मिलने के बाद पुलिस ने मल्लू कमकर के साथ ही उसके पुत्र सन्नी कुमार को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों पर मादक पदार्थो की तस्करी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। गौरतब है कि सिमरी थाना क्षेत्र का बलिहार गांव गांजा तस्करी के लिए दशकों से कुख्यात है।

**लौटने के दौरान शराब के साथ पकड़ा गया कारोबारी:** पुलिस जब गांजा बरामद कर लौट रही थी तो बलिहार गांव से बाहर रात में एक व्यक्ति तेजी से बाइक चला भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसके बाइक की तलाशी ली तो बाइक के पीछे प्लास्टिक की बोरी में बांधा कर रखे गए नौ पेटी में कुल 432 टेट्रा पैक शराब ( 40 लिटर ) बरामद हुआ। पुलिस ने इसके बाद बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक प्रमोद कुमार उर्फ लगन यादव स्थानीय थाना क्षेत्र के खंधरा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी होंडा कंपनी की बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस की पूछताछ में कारोबारी ने बताया कि वह यूपी के बलिया से शराब की खेप लेकर आ रहा था।

### देशी कट्टा व गोली के साथ युवक धराया



दूसरी तरफ पुलिस ने सिमरी आशा पड़री पथ पर मध्य रात्रि एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देख उसे रोककर तलाशी लिया तो उसके पास से एक देशी कट्टा व चार कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक आशा पड़री के संजय कुमार तिवारी है। हालांकि वह रात में अवैध असलहा व गोली लेकर कहा जा रहा था इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके अपराधिक रिकार्ड को खंगालने में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि उसके पास अवैध असलहा कहा से आया था तथा वह किस फिराक में रात में कट्टा व गोली लेकर चल रहा था।

> मादक व शराब के साथ पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के आधार पर पुलिस आगे की रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि कट्टे के साथ जो युवक पकड़ा गया है उसका अपराधिक रिकार्ड नहीं रहा है। – *श्री राज, एसडीपीओ, डुमरांव*

## राज हाई स्कूल के पूर्व हेडमास्टर पर गबन के आरोप में दर्ज हुई प्राथमिकी

- वर्तमान एचएम ने 1.65 लाख के गबन का आरोप लगा दर्ज कराया है मामला

केटी न्यूज/डुमरांव

राज हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक राज रौशन यादव पर वर्तमान प्रधानाध्यापक जगदंबा पाल ने 1 लाख 65 हजार रूपए के गबन का आरोप लगाते हुए डुमरांव थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। यह एफआईआर डीईओ के निर्देश पर कराया गया है।

पुलिस को दिए आवेदन में वर्तमान प्रधानाध्यापक ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में छात्रवृति, पोशाक योजना तथा नैपकिन योजना में भारी पैमाने में पर लूट खसोट की गई है। इस अवधि का उपयोगिता भी पूर्व प्रधानाध्यापक द्वारा जमा नहीं किया गया था। विभागीय जांच में रोकड़ पंजी समेत अन्य फाईलों के जांच के बाद गबन का मामला सामने आया। इसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद डीईओ ने वर्तमान प्रधानाध्यापक को उनपर गबन का मामला दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके बाद उनपर मामला दर्ज कराया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो पूर्व प्रधानाध्यापक द्वारा रिटायर्ड होने के बाद पूर्ण प्रभार भी नहीं सौंपा गया था। वहीं, अब उनपर गबन का आरोप लगने के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गई है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर बुजुर्ग ने लगायी फांसी, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/सिमरी


घटना के बाद बेसुध हुई मृतक की पत्नी

स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनपुरा गांव में एक 62 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। रविवार को सुबह उसका शव बड़क सिंनहपुरा गांव से सटे पश्चिम तथा सिंहनपुरा दुबौली पथ पर स्थित पुल के पास एक पेड़ से लटकता मिला। वह रस्सी से फंदा लगा झूल गया था। ग्रामीणों ने जब उसे पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहा सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने इसकी सूचना सिमरी पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक जहागीर मंसूरी इसी गांव का रहने वाला है। पहले तो ग्रामीणों को लगा कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को पेड़ पर टांग दिया है। लेकिन बाद में पत्नी ने बताया कि वे पारिवारिक कलह के कारण परेशान चल रहे थे। थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने बताया कि इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। बहरहाल 62 वर्ष की उम्र में जहागीर के फांसी लगाए जाने पर कई सवाल खड़े हो रहे है। लोग यह कहते सुने गए कि मानसिक दबाव अब किशोरों तथा युवाओं के साथ ही बुजुर्गो को भी गलत कदम उठाने पर बाध्य कर रहा है।

## एक नजर

### डुमरांव विधायक ने किया निमार्णाधीन सीएचसी का निरीक्षण, जताया असंतोष



चौगाई। स्थानीय प्रखंड में बन रहे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के भवन का निरीक्षण डुमरांव विधायक डा अजित कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने नींव की ढलाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि यह मानक के अनुरूप नहीं लग रहा है। विधायक ने कहा कि नींव की ढलाई मात्र तीन इंच की गई है। जबकि इसकी ढलाई पांच से छह इंच होनी चाहिए। उन्होंने संवेदक से स्टीमेट की मांग भी की है। वही विधायक ने सीएचसी के भवन निर्माण को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि काफी मशक्कत के बाद इस सीएचसी को स्वीकृति दिलवाई गई है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होने की स्थिति में संवेदक पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सीएचसी भवन के निर्माण के साथ ही इसमें अनियमितता की बातें खुलकर कही जाने लगी थी। बताया जाता है कि संवेदक द्वारा पीएचसी के पुराने भवन से निकले ईंट को सीएचसी के नींव में डाला जा रहा था। जिसके बाद लोगों ने विरोध शुरू किया था। खुद चिकित्सा पदाधिकारी डा मितेन्द्र कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर से घटिया निर्माण की शिकायत कर चुके है। लेकिन कार्य एजेंसी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। रविवार को विधायक के निरीक्षण के बाद अब ग्रामीणों में इस बात की उम्मीद जगी है कि सीएचसी का निर्माण मानक के अनुरूप होगा। गौरतलब है कि चौगाई पीएचसी को तीस बेड वाले कम्यूनिटि हेल्थ सेंटर में परिवर्तित किया गया है। इसका भवन निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। लेकिन गुणवत्ता के मानक पर खरा नहीं उतरने से अभी से ही इसके उपयोगिता पर सवाल खड़े होने लगे है।

### जरूरमंदों की सहायता से बड़ा धर्म नहीं



**बक्सर।** मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा भी प्रशासनिक स्तर पर कंबल वितरित कराया जा रहा है। इस क्रम में बीते रविवार को सूबे के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने नया भोजपुर में आयोजित कंबल वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि इसके अलावे बिहार सरकार की योजनाएं भी गरीबों के कल्याण को देखते हुए चलाई जा रही है। पंचायतों के विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। आने वाले दिनों में हमारे गांव विकसित बनेंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजक संतोष पाठक को धन्यवाद दिया। वही अपनी माता कलावती देवी व समाजसेवी पिता पन्नालाल पाठक के श्रद्धांजलि सभा के दौरान कंबल वितरित कराने वाले पश्चिम बंगाल कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व कोलकाता महानगर निगर के विपक्ष के नेता संतोष पाठक ने कहा कि उन्हें समाज सेवा की प्रेरणा अपने माता पिता से मिली थी। उनकी प्रेरणा से ही मैं आज यहा खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि वे हर साल अपने माता पिता को श्रद्धांजलि गरीबों की सेवा कर ही देंगे। ग्रामीणों के मांग पर पंचायती राज मंत्री ने नया भोजपुर फोर लेन से काली मंदिर तक पक्की सड़क का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इस दौरान बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम व डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह के साथ ही राजद के नेता व कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार रखें। मौके पर सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलवाने के लिए करूंगा संघर्ष : जीवन कुमार




**डुमरांव।** राज्य सरकार लगातार शिक्षकों के मयार्दा का हनन करते आ रही है। शिक्षकों को इस अपमान का बदला लेने के लिए एकजुट हो एक मंच पर आना होगा। उक्त बातें भाजपा नेता सह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र गया के विधान परिषद प्रत्यासी जीवन कुमार ने शनिवार को डुमरांव में कही है। वे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किए थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ो शिक्षकों को अपने हाथों सम्मानित किया। जीवन कुमार ने कहा कि आपसी भेदभाव मिटाकर सभी शिक्षकों को एक प्लेटफार्म पर आना चाहिए। मैं नियोजित शिक्षकों के दर्द को समझता हूं। आपकों राज्य कर्मी का दर्जा दिलवाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करूंगा। उन्होंने अतिथि शिक्षकों के साथ ही वित्त रहित महाविद्यालय से जुड़े शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्या ध्यान में रखते हुए कहा कि उनके हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पांडेय ने किया। इस दौरान सुनील कुमार, संजय यादव, संजय कुमार दूबे, विमल यादव, प्रो धनन्जय दूबे, प्राचार्य मीरा गुप्ता, तेजनारायण पांडेय, पशुपति नाथ सिंह, दीपक कुमार, मुन्ना पासवान, रमेश गुप्ता, विशाल कुमार, सुनील प्रसाद, हेमन्त मिश्रा, अजय चौबे, शिवजी सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### भाजयुमो के राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 35 जिलों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

# बक्सर की स्वरा पांडेय बनी अटल भाषण प्रतियोगिता की विजेता

- पटना के कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

केटी न्यूज/बक्सर


स्वरा को पुरस्कृत करते अतिथि व अन्य

भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार पॉलिसी रिसर्च टीम के द्वारा बिहार भाजपा मुख्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की स्मृति में आयोजित अटल भाषण प्रतियोगिता में राज्यभर से आए युवा-युवतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार भाजपा महामंत्री व दीघा विधायक डॉ संजीव चौरसिया, महामंत्री व विधान परिषद सदस्य देवेश कुमार, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाठक, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने विजेताओं के बीच पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रथम विजेता स्वरा पांडेय (बक्सर), द्वितीय विजेता चांदनी कुमारी (मुंगेर), तृतीय विजेता आयुष नारायण ओझा (छपरा) रहें।

मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ संजीव चौरसिया ने कहा कि अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित करने वाले भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष महान जननेता पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। तमाम विरोध व अड़चन के बावजूद अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपने दृढ़ निश्चय से परमाणु परीक्षण के द्वारा देश को सशक्त किया।

दुर्गेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत देश के सभी जिलों में देशस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर सभी जिलों में हुआ था। भाजयुमो बिहार प्रदेश द्वारा बिहार के 38 जिलों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार में युवा सशक्तिकरण पर जोड़ एवं डिजिटल इंडिया के विषय पर हुए प्रतियोगिता में 114 प्रतिभागी चयनित किए गए थे जिनका आज राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुआ। ये प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागी आगे देशस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं, प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनमानस से संवाद करने के लिए अटल जी की अविश्वसनीय वाकपटुता देश के लिए प्रेरणा रही हैं। अटल जी के जीवन से श्रोताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विजय प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अटल जी एवं नरेंद्र मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संयोजक भाजयुमो प्रदेश महामंत्री धर्मेन्द्र तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन पॉलिसी रिसर्च बिहार के संयोजक अपूर्व तिवारी ने किया। इस अवसर पर पॉलिसी रिसर्च बिहार के सह संयोजक अभिजीत कुमार, अमरजीत कुमार, आकाश गिरी, यशस्वी कुमारी, श्याम बाबू, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात श्रीवास्तव, नितिन अभिषेक, राज राजेन्द्र, प्रदेश मंत्री जितेन्द्र सिंह, बक्सर जिलाध्यक्ष डॉ प्रियरंजन चौबे,मीडिया प्रभारी निरंजन सिंह, शिवम कुमार सिंह, पटना महानगर महामंत्री राहुल रंजन सहित अन्य जिलों से आए पदाधिकारी मौजूद रहें।

## छोटी खबरें

### आज शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा बस्ती बहरवार मार्ग

**मऊ।** फेफना–इन्दारा रेलखंड के दोहरीकरण कार्य हेतु रतनपुरा इन्दारा स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे फाटक सं. 26 को सड़क यातायात के लिए 9 जनवरी को बंद रखा जाएगा। वाराणसी रेल विकास निगम लिमिटेड के सिविल विशेषज्ञ अपर महाप्रबंधक एसएनसाहू ने बताया कि फेफना– इन्दारा रेल खण्ड के दोहरीकरण कार्य हेतु रतनपुरा– इन्दारा स्टेशन के मध्य स्थित रेलवे फाटक सं. 26 रेलवे किमी 419–42:00 को सड़क यातायात के लिए हलधरपुर–बस्ती बहरबार मार्ग 09 जनवरी की शाम सायं छह बजे से 10 जनवरी की सुबह 6:00 बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक मऊ को पत्र लिखकर सड़क यातायात के मार्ग में आवश्यक बदलाव तथा रेलवे फाटक स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने का अनुरोध किया है।

### सपाइयों ने जमकर किया हंगामा

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर समाजवादियों ने जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अभी समाजवादी कार्यालय से निकलकर बालनिकेतन फाटक के तिराहे पर पहुंचा भी नहीं था कि पुलिस से जमकर धक्का-मुक्की हुई। खबर सुन कर अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट रितेश कुमार सिंह व सीओ सिटी धनंजय मिश्रा ने सारे समाजवादियों को रोककर उनसे उनकी बात सुनी। जहां अल्ताफ अंसारी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के ट्विटर चलाने वाले मनीष अग्रवाल को पुलिस बिना नोटिस पर गिरफ्तार किया है। जिसकी न्यायिक मांग के लिए अखिलेश यादव डीजीपी कार्यालय पहुंचे हैं। अगर हमारे पार्टी के नेता एवं सदस्य को न्याय नहीं मिला, तो हम जमकर नारेबाजी करते हुए पूरे शहर को जाम करेंगे। जिसको सिटी मजिस्ट्रेट ने बड़ी सरलता से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपने हाथ में लेते हुए मामले को समझा–बुझाकर शांत कराया।

# शीतलहर की मार: पशुओं की जान पर भारी पड़ रही है ठंड, पशुपालक चिंतित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- ठंड से पशु के शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ने से तेजी से होता है ऊर्जा का ह्रास

उत्तर के पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से सर्द हवाओं के कारण पशुओं पर भी ठंड का घातक असर पड़ने लगा है। पशु विशेषकर गाय भैंस, भेंड़/बकरी के साथ नवजात शिशुओं को ठंड, निमोनिया, डायरिया जैसी गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आने लगे हैं। इसके नियंत्रण न हो पाने की दशा में यह बीमारी अनेक पशुओं के लिए प्राण घातक साबित हो रही है। कड़ाके की ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए मनुष्य तो कई उपाय ढूंढ ले रहे हैं और इस मामले में ज्यादातर पशु भगवान भरोसे ही है। इस बारे में कृषि विज्ञान केंद्र आंकुसपुर के वरिष्ठ पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह का कहना है कि इस मौसम में पशुओं के शरीर का तापक्रम बनाए रखने के लिए थायराक्सिन नामक हार्मोन का अधिक स्राव होता है। जिससे पशु के शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ जाता है और ऊर्जा का ह्रास तेजी से होने लगता है। इससे पशु के शरीर में मेटाबॉलिज में बढ़ जाता है। जिससे प्रभावित पशु का उत्पादन क्षमता एवं वृद्धि पर प्रभाव पड़ता है। जिससे पशु कमजोर होकर ठंड से प्रभावित हो जाता है।



सामान्य से कम ताप क्रम होने पर पशु हाइपोथर्मिया का शिकार हो जाता है। पशु के सश्वास एवं हृदय गति कम होने लगती है और पशु ठंड से कांपने लगता है। दूसरे लक्षण में पशु के आंख एवं नाक से पानी गिरने लगता है। पशु का शरीर सिकुड जाता है एवं बाल खड़े जाते हैं। नवजात में डायरिया दस्त शुरू हो जाता है। बुखार के साथ फेफड़ा कफ से जाम होने लगता है। नवजात को सांस लेने में परेशानी होनें लगती है, जो निमोनिया का लक्षण है। इससे पशुओं एवं उनके नवजात की मृत्यु हो जाती है। ठंड में नवजात की देखभाल ठीक से होनी चाहिए। इसकी रोकथाम के बारे में डॉक्टर सिंह का कहना है कि प्राथमिक चिकित्सा के तौर पर सर्वप्रथम ठंड लगने पर पशुओं के पास अलाव जलाकर उनको गर्मी दे एवं पशुओं को अजवाइन का धुआं नाक के पास दें अजवाइन को पानी में उबालकर ठंडा कर गुनगुना पानी पीने को दें।

### निमोनिया के लक्षण दिखने पर भाप दें

अगर नवजात एवं पशुओं को निमोनिया के लक्षण दिखाई दे तो एक बाल्टी गर्म पानी में बेंजोइक एसिड की 10 – 15 बूंद डालकर उसको नाक के द्वार भाप दें, सरसों का तेल 75– 100 मी. ली पशु को पिलाये एवं मालिस करें इससे स्थिति नियंत्रित हो सकती है। इस दौरान तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से मिलकर पशुओं का इलाज शुरू करना चाहिए जिसे पशु को बचाया जा सके। इसके साथ ही पशुओं को चारें में दाना मिश्रण बाजरा अथवा गेहूं के दर्रे से बना हुआ जिसमें दलहन चुन्नी एवं खली भी हो 1.5 से 2.0 कि.ग्रा दाना प्रतिदिन /पशु तथा बकरी एवं भेड़ को 200–300 ग्राम दाना/ दिन दें। इससे इनका शरीर गरम रहेगा।

**अजवाइन गुड़ सोठ का काड़ा बनाकर पशुओं को पिलायें :** प्रबंधन के तौर पर पशुओं कों रात्रि होने से पहले बाड़े में बांध दें तथा सुबह होने पर नाद पर ले जाने से पहले उनके शरीर को बोरा से ढंक दें। उनके बाड़े को अलाव जलाकर गरम कर दे एवं गरम राख बिछा दें, खिड़की दरवाजे बंद कर दें और रोशनदान खुला रखें। इस प्रकार पशुपालक भाई अपने पशुओं का ध्यान रखेंगे तो ठंड से पशुओं को बचाया जा सकता है।

### केवीके पीजी कॉलेज में तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान में 25 किसान हुए सम्मानित

# सदियों से चला आ रहा पशुपालन व्यवसाय ग्रामीणों की आय का है प्रमुख स्रोत: अजीत

- किसानों को दी गई बकरी पालन के फायदों, नस्ल और देखरेख की जानकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कृषि विज्ञान केन्द्र पीजी कालेज में कृषकों एवं महिलाओं को व्यवसाय स्थापित करने के लिए तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान में चयनित 25 किसानों को तीन से सात जनवरी 2023 तक प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरान्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र का वितरण अजीत कुमार सिंह, अपर महाधिवक्ता, उप्र सरकार एवं चेयरमैन कृषि विज्ञान केन्द्र ने प्रदान किया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि बकरी पालन एक ऐसा व्यवसाय है, जो कम जमापूंजी में अधिक मुनाफा देता है। आज के युग में लोग बहुत से जानवरों का पालन करते हैं। जिनका दाना-पानी और रहने की व्यवस्था उन्हें काफी महंगी पड़ती है। वहीं बकरी पालन एक सस्ता और टिकाऊ व्यवसाय है। जिसमें पालन का खर्च कम होने के कारण आप ज्यादा से ज्यादा मुनाफा ले सकते हैं। बकरी



किसान को सर्टिफिकेट देते अतिथि

पालकर बेचने का व्यवसाय बहुत ही फायदेमंद और उपयोगी साबित हो सकता है। इसीलिए बकरी को गरीबों की गाय कहा जाता है। आज जब एक ओर पशुओं के चारे-दाने एवं दवाई महंगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से कम लाभकारी हो रहा है।

वहीं बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देख-रेख में गरीब किसानों एवं मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक साधन बन रहा है। इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। देश में पशु पालन व्यवसाय सदियों से चला रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन तो आय का प्रमुख स्रोत रहा है। ऐसा ही एक बहुत ही लोकप्रिय है उन में से एक है बकरी पालन व्यवसाय। केन्द्र के सीनियर साइंटिस्ट सह प्रभारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बकरियों की कुल 102 प्रजातियां उपलब्ध है। जिसमें से 20 भारतवर्ष में है। अपने देश में पायी जाने वाली विभिन्न नस्लें मुख्य रूप से मांस उत्पादन हेतु उपयुक्त है। बकरी पालन व्यवसाय भी काफी प्रचलित हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी तरफ आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि यह कम लागत में ज्यादा मुनाफा देता है। इसमें जलवायु तथा आकार के अनुरूप बकरा बकरियों का चयन आवश्यक है।

### प्रजनन के लिए स्वस्थ बकरियों का चयन जरूरी

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया जमुनापारी, सिरोही तथा बरबरी नस्ल की बकरियां मैदानी क्षेत्रों के लिए अधिक उपयुक्त हैं। अतः पशुपालकों द्वारा इन नस्लों का संवर्धन वृद्धि एवं व्यवसाय हेतु अधिकाधिक उपयोग किया जा सकता है। व्यवसाय को प्रारम्भ करते समय उच्च प्रजनन क्षमता युक्त वयस्क स्वस्थ बकरियों का ही चयन करना चाहिए। बकरी चरने वाला पशु है। स्थानीय स्तर पर विकसित चारागाह, पेड पौधा, कृषि फसलों की उपलब्धता अच्छे हरे चारे के रूप में आवश्यक हैं। बकरी को यदि 8 घण्टे चराने पर पाला जाता है तो उसके शारीरिक भार का 1 प्रतिशत पौष्टिक आहार के रूप में खाने हेतु दिया जाये। बकरी पालते समय यह ध्यान रखना चाहिए की बकरी का खान पान अच्छे से हो रहा है। उदाहरणार्थ 25 किग्रा, शारीरिक भार पर 250 ग्राम पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है।

### दाने व पशु आहार

संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार आहार व चुगान बकरियों को बांध कर भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चारागाह की कमी हो जाने की वजह से आवास में रखकर पालने वाली पद्धति अधिक लाभप्रद होती जा रही है। अच्छे आवास हेतु 12 से 15 वर्ग फीट स्थान प्रति पशु आवश्यक है। आवास में हवा व प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए। बांध कर पालने वाली पद्धति में प्रति पशु 1–2 किग्रा भूसा या 2.5 किग्रा हरा चारा, पत्तियां, साईलेज तथा 500 ग्राम से 1 किग्रा, संकेन्द्रित आहार शारीरिक आकार के अनुसार दिया जाना चाहिए।

### स्वास्थ्य प्रबन्धन

बकरी के बच्चों में डायरियाए न्यूमोनियाए इंटेराइटिस से बचाव हेतु उचित देखभाल करनी चाहिए। वयस्कों में परजीवी रोगों के विरुद्ध नियमित कृमिनाशक ;पटारद्ध की दवा पिलानी चाहिए। संक्रामक रोग गलघोटूए इंटरोटाक्सीमियाए मुंहपका खुरपका तथा पीपीआर रोगों के विरुद्ध समय–समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक होता है। प्रशिक्षण के दौरान केन्द्र के डॉ. डीके सिंह, डॉ. ओमकार सिंह, आशीष कुमार वाजेपयी, मनोज कुमार मिश्रा, आशुतोष सिंह, डॉ. पीके सिंह, सुनील कुमार, कपिलदेव शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

## दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारी पूरी

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में 9 जनवरी को आयोजित होने वाले चतुर्थ दीक्षांत समारोह का रविवार को रिहर्सल किया गया। इस दौरान कुलपति ने विभिन्न कोर्सेज के स्टूडेंट्स को प्रतीकात्मक डिग्री वितरित की। वहीं कई अन्य कोर्सेज के टॉप-टेन को पूर्वाभ्यास में ही उपाधि वितरित की गई। इसके पहले समारोह स्थल का भूमि पूजन हुआ। कुलपति प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय ने दीक्षांत मंडप में विधि-विधान से पूजन-हवन किया।

पंडित अरुणेंद्र कुमार मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न कराया। किसी भी शुभ कार्य के लिए भारतीय परंपरा एवं संस्तुति में भूमि पूजन का महत्त्व निर्विवाद है। विश्वविद्यालय की कुलपति ने दीक्षांत समारोह के पूर्व भूमि पूजन का संपन्न किया ताकि दीक्षांत की पूरी प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हो सके। इस अवसर पर कुलसचिव एस एल पाल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पुष्पा मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ अजय चौबे ,डॉ विनीत सिंह प्रोफेसर रविंद्र नाथ मिश्र ,प्रोफेसर बैकुंठ नाथ पांडेय, प्रोफेसर अंजनी कुमार सिंह, प्रोफेसर नीरजा सिंह, प्रोफेसर अरविंद नेत्र पांडेय, प्रोफेसर अखिलेश राय, प्रोफेसर जैनेन्द्र पांडेय, प्रोफेसर फूल बदन सिंह , प्रोफेसर निशा राघव, प्रोफेसर ममता वर्मा, प्रोफेसर दयालनंद राय , प्रोफेसर देवेंद्र सिंह, प्रोफेसर अवनीश चंद्र पांडेय, डॉ धर्मात्मानंद, प्रोफेसर साहेब दूबे ,प्रोफेसर अशोक सिंह, डॉक्टर सीमा वर्मा, डॉ निवेदिता श्रीवास्तव सहित शिक्षक एव कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 7.5 हजार मुर्दे ले रहे थे किसान सम्मान निधि का लाभ

**केटी न्यूज/बलिया**

- जांच में हुआ खुलास 15000 भूमिहीनों ने भी उठायी राशि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ले रहे अपात्रों के मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आधार कार्ड की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इनमें जहां 15009 भूमिहीन किसान बनकर सम्मान निधि ले रहे थे। वहीं, 7.5 हजार मुर्दों को भी इसका लाभ मिल रहा था। इतना ही नहीं, करीब 5.5 हजार आयकरदाता भी किसान बनकर सरकार की योजना का बेजा लाभ ले रहे थे।

इसकी जानकारी होने के बाद विभाग अब उनसे सम्मान निधि की राशि की रिकवरी कराने की कवायद में जुटा है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए पोर्टल पर 4.5 लाख किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। इसमें पहले कराए गए सत्यापन में 5.5 हजार अपात्र मिले। इसके बाद, भूमिहीन, आयकरदाता सरकारी नौकरी, पेंशनर, अधिवक्ता, पति-पत्नी व मृतक अपात्रों की सम्मान निधि रोकने के बाद विभाग उनसे रिकवरी ही कर रहा था। इसी दौरान शासन ने सम्मान निधि का लाभ पा रहे किसानों के भूलेख और आधार कार्ड के सत्यापन का आदेश दिए।

इसे लेकर जिले में कृषि विभाग और राजस्व के कर्मचारियों को लगाकर इसकी जांच कराई गई।



विभागीय और राजस्व विभाग की टीम के सत्यापन में चौंकाने वाले खुलासे हुए। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार की जांच में जहां 15009 भूमिहीन किसान बनकर सम्मान निधि ले रहे थे। वहीं, 7.5 हजार मुर्दे भी इसका लाभ ले रहे थे। इतना ही नहीं, 37 पति-पत्नी दोनों योजना का लाभ लेते मिले। हालांकि जांच पूरी होने के बाद असल तस्वीर सामने आएगी। मगर, अब तक जो अपात्र मिले हैं, विभाग उनसे सम्मान निधि की रकम रिकवरी कराने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ ले रहे 5.5 हजार किसान आयकर दाता मिले हैं। इनसे विभाग तीन करोड़ तीस लाख रुपये की रिकवरी करने में जुटा है। ऐसे में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर आयकर दाताओं के खाते से सम्मान निधि की रिकवरी करने के निर्देश दिए गए है।

> आधार कार्ड की जांच में लगातार अपात्र मिल रहे हैं। इनमें भूमिहीन, मृतक व पति–पत्नी के साथ पेंशनर भी शामिल हैं। इन अपात्रों व उनके परिवारीजनों से इस राशि की रिकवरी की जाएगी।
>
> **– इंद्राज, उप कृषि निदेशक**

## एक नजर

### धूमधाम से मनाई गई राबर्ट लुई ब्रेल की जयंती





**बलिया।** शहर के जापलिनगंज स्थित साहू भवन में निशक्त जन सेवा संस्थान के सौजन्य से तथा साहू हितकारिणी समिति की ओर से सर राबर्ट लुई ब्रेल की जयंती धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रधान प्रभुनाथ गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी, विजय शंकर गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, अनिल कुमार गुप्ता जिला महामंत्री साहू हितकारिणी समिति बलिया रहे। शुभारंभ अतिथियों द्वारा सर राबर्ट लुई ब्रेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान के सचिव राजकुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। निशक्त जन सेवा संस्थान बलिया के कार्यकताओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस पवित्र कार्य में मेरा तन मन धन से सहयोग रहेगा। दिव्यांग अपने को किसी से कम ना समझे। विशिष्ट अतिथि अरविंद गांधी ने कहा कि ईश्वर दिव्यांग जन को विशेष विल पावर देते हैं जिसके कारण वह दुनिया में कुछ विशेष कार्य करते हैं। इस दौरान जरूरतमंद 151 लोगों को कंबल और भोजन का वितरण किया गया।

### स्टेशन को हाल्ट बनाने का लोगों ने किया विरोध



**बलिया।** नगर पंचायत रेवती रेलवे स्टेशन को हाल्ट बनाए जाने के विरोध में आक्रोशित व्यापारियों ने विभिन्न समाजसेवियों के साथ रविवार को आक्रोश जताया। हजारों की संख्या में लोग रेवती रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने लगे। तत्पश्चात रेलवे बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण पांडे और महावीर तिवारी फौजी की अगुवाई में हजारों की संख्या में नगर पंचायत रेवती के लोग रेवती रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उपस्थित लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि डेढ़ सौ साल पुराना रेलवे स्टेशन रेवती को हाल्ट बनाना एक सुनियोजित षड्यंत्र है। अगर रेवती रेलवे स्टेशन को पुनः स्टेशन नहीं बनाया गया, तो आर पार की लड़ाई होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। रेवती नगर पंचायत के व्यापारी वर्ग भी इस आंदोलन में सक्रियता निभाते हुए पंचायती उदासीन अखाड़ा मठिया रेवती के प्रांगण से हजारों जनसमूह के साथ रेवती रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उपस्थित लोगों का स्पष्ट कहना था कि जब तक रेवती रेलवे स्टेशन को पुनः स्टेशन का दर्जा नहीं मिल जाता तब तक यह संघर्ष चलता रहेगा जो आने वाले दिनों में और ही भयावह और विकराल होगा। धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर एसडीएम बांसडीह मौके पर पहुंच गए और आश्वासन दिया की लोगों की बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थिति में हुई युवक की मौत



**मऊ।** कोपागंज थाना के मोहम्मदपुर के पास शनिवार की देर रात एक युवक घायल अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान पूर्व विधायक का प्रपोत्र विट्ठू सिंह पुत्र भगत सिंह के रूप में हुई है। मृतक की माता ने नौ लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस को दिया है। कोपागंज थाना के विट्ठू सिंह लेरो दोनवार गांव के मूल निवासी है। लेकिन बीते कई वर्षों से वह घोसी कस्बा खास में रहता है। जानकारी के अनुसार बिट्ठू को शनिवार की देर शाम करीब 6 बजे उसके एक प्रधान और जिला पंचायत और चार अन्य दोस्तों ने उसे कोपागंज थाना के मुहम्मदपुर गांव में बुलाया था।लेकिन इसके बाद करीब एक घंटे बाद बिट्ठू के परिजनों को सूचना मिली कि बिट्ठू करिमाबाद में घायल अवस्था में पड़ा है। परिजनों ने घायल युवक एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए और कार्यवाही करते हुए कुछ लोगो को हिरासत में लेते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है।घटना को लेकर कोपागंज एसओ अमित मिश्रा का कहना है कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लाक के कुल 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों द्वारा शीतलहर ठंड तथा सर्द मौसम में मरीजों को जागरूक करते हुए यह बताया कि इस मौसम में आप लोग अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। बहुत जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकलें। वहीं, जिन लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगाया गया है, वह सभी लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर बूस्टर डोज अवश्य लगवा लें तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों को विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए टीकाकरण भी अवश्य करा लें। जिससे आप और आपका परिवार स्वस्थ रहेगा इस दौरान चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र कुमार साहू, डॉ. नदीम अहमद, डॉ. आनंद कुमार, फार्मासिस्ट कपिल देव सरोज यादव चंद्रजीत यादव राजेंद्र कुमार ने अपनी सेवाएं देते हुए कुल 118 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाई दी।

### बौद्ध कल्याणकारी महिला उत्थान ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

# गाजीपुर मेडिकल कॉलेज में हर तरह के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

- शिविर में 320 महिलाएं व पुरुषों ने करायी अपनी आंखों की जांच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में बौद्ध कल्याणकारी महिला उत्थान ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव



नेत्र जांच शिविर में शामिल चिकित्स व अन्य

सिन्हा व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामनरेश कुशवाहा रहे। सरोज कुशवाहा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र, श्रीमती किरण सिंह प्रबंधक अवध पब्लिक स्कूल, मुनेश्वर सागर झारखंड प्रभारी बसपा महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर के सह प्रधानाचार्य नीरज पांडेय और जिला चिकित्सालय गाजीपुर के नेत्र चिकित्सकों की टीम में डॉ. स्नेहा सिंह नेत्र सर्जन जिला चिकित्सालय गाजीपुर, डॉ. मुरलीधर मोर्या नेत्र विशेषज्ञ मोर्या हास्पिटल कासिमाबाद, डॉ. अरुण कुमार गुप्ता नेत्र परीक्षण अधिकारी गाजीपुर, डॉ. ओमप्रकाश नेत्र परीक्षण अधिकारी गाजीपुर द्वारा जांच की गई। कार्यक्रम में पूरे विकास खंड से 320 की संख्या में महिलाएं पुरुषों ने आकर अपनी आंखों की जांच करायी। जांचोपरांत उन्हें मुफ्त आंखों का ड्रॉप भी दिए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनव सिन्हा ने कहा की समाज में बौद्ध कल्याणकारी महिला उत्थान ट्रस्ट जिस तरह से गांव- गांव जाकर गरीब और लाचार लोगों को ढूंढकर उनकी हर तरह से मदद कर रहा है। मैं इस पुनीत कार्य के लिए उन्हें साधुवाद देता हूं। नए साल के प्रारंभ में संस्था ने ठंड गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किया। अब ये नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब व्यक्तियों की आंखों की जांच कराकर चश्मा वितरण करना। उन्हें अस्पताल ले जाकर आपरेशन करवाना ये बहुत ही सराहनीय कार्य है।

वहीं महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज के सह प्रधानाचार्य नीरज पांडेय ने कहा की अब गाजीपुर मेडिकल कॉलेज में हर तरह के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। डॉक्टरों की पूरी टीम के साथ हर तरह की सर्जरी होने लगी है। जनता को खुद और अपने आस पास के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। और मेडिकल कॉलेज की सुविधा का लाभ उठाने की जरूरत है। पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने संस्था के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी. और कहा की इस संस्था के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं. जो आज के इस दौर में लोग अपनी तरक्की में लगे हैं। ऐसे दौर में इस संस्था के पदाधिकारी इस जोड़ तोड़ की जिंदगी से समय निकाल कर गरीब और असहाय लोगों की सेवा में समर्पित है। ऐसे संस्था के पदाधिकारियों का वंदन अभिनंदन करता हूं।